अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध/ईमेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0 मोड,
एवं निजी क्षेत्र की संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–06/परी0/2025/ 330 **लखनऊः दिनांकः–** 28.04.2025

विषयः **सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2025 के परीक्षाफार्म भराये जाने, एवं परीक्षाफार्म संस्था लॉगिन के माध्यम से परिषद को अग्रसारित किये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु0–06/2025/156, दिनांक 17/04/2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2025 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्रओं के परीक्षा आवेदन फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराने के संबंध में निर्देशित किया गया था, किन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया है कि तकनीकी कारणों, संस्था में कार्यरत संबंधित कार्मिकों के अवकाश पर जाने इत्यादि कारणों से कुछ छात्र/छात्राएं परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये हैं।

उक्त के दृष्टिगत छात्रहित में निर्णय लेते हुए सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2025 के परीक्षाफार्म भराने एवं परीक्षा फार्म आवेदन संस्था लॉगिन के माध्यम से परिषद को अग्रसारित किये जाने हेतु दिनांक 29/04/2025 की रात्रि 12:00 बजे से 30/04/2025 की रात्रि 12:00 तक अंतिम रूप से पुनः पोर्टल खोला जा रहा है। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी दशा में पोर्टल नहीं खोला जायेगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर से संस्था में अध्ययनरत पात्र छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए निर्देशित कर दें कि दिनांक 30/04/2025 की रात्रि 12:00 तक प्रत्येक दशा में परीक्षा फार्म भरते हुए परीक्षा शुल्क का भुगतान कर दें। यदि निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी संस्था के पात्र छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने, तथा संस्था परीक्षा फार्म आवेदन संस्था लॉगिन के माध्यम से परिषद को अग्रसारित करने से वंचित रहती है और संस्था द्वारा परिषद को यह अवगत कराया जाता है कि तकनीकी कारणों, संस्था स्टाफ के अवकाश पर होने के कारण तथा आदि कारणो से परीक्षा आवेदन फार्म संबंधी समस्त कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पायी है तो परिषद द्वारा इस तरह का बहाना स्वीकार्य नहीं होगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित छात्र/छात्रा एवं संबंधित संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–06/परी0/2025/ 331-35 **तददिनांकः–** 28.04.2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्व क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव